

# सप्तदश बिहार विधान सभा

## प्रथम सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-04 वृहस्पतिवार, दिनांक- 26 नवम्बर, 2020 ई० ।

**माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.25 बजे अपराह्न तक ।**

[1] **महामहिम राज्यपाल का संदेश :-**

माननीय अध्यक्ष महोदय ने महामहिम राज्यपाल से प्राप्त निम्नलिखित संदेश से सदन को अवगत कराया:-

"भारत के संविधान के अनुच्छेद 176 के खण्ड (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, फागू चौहान, बिहार का राज्यपाल, एतद् द्वारा एक साथ समवेत बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों को, दिनांक-26 नवम्बर, 2020 को 11.30 बजे पूर्वाह्न में सम्बोधित करना चाहता हूँ और विधान सभा मंडल के विस्तारित भवन के सेन्ट्रल हॉल, पटना में सदस्यों की उपस्थिति चाहता हूँ ।"

तदुपरांत माननीय अध्यक्ष महोदय सभा की अनुमति से महामहिम राज्यपाल का स्वागत करने एवं सदन में बुलाने के लिए सदन से बाहर गए । इस दौरान सभा में बिहार विधान परिषद् के माननीय सदस्यगण आए । इसके बाद महामहिम राज्यपाल महोदय का आगमन सदन में हुआ तथा उनके आसन ग्रहण करने के पूर्व राष्ट्रीय धुन बजाया गया ।

[2] **राज्यपाल का अभिभाषण :-**

सभा सचिव द्वारा महामहिम राज्यपाल से सह समवेत दोनों सदनों के सदस्यों को सम्बोधित करने हेतु अनुरोध किया गया ।

तदुपरांत महामहिम राज्यपाल ने दोनों सदनों के सदस्यों को सम्बोधित किया ।

महामहिम राज्यपाल महोदय के भाषण की समाप्ति के बाद पुनः राष्ट्रीय धुन बजाया गया । इसके बाद माननीय अध्यक्ष महोदय तथा माननीय सभापति महोदय, बिहार विधान परिषद्, महामहिम राज्यपाल महोदय को सदन से बाहर तक विदा करने गए । इस दौरान बिहार विधान परिषद् के माननीय सदस्यगण सदन से वापस गए ।

महामहिम राज्यपाल महोदय को विदा करने के पश्चात् माननीय अध्यक्ष महोदय ने पुनः आसन ग्रहण किया ।

**[3] अध्यक्षीय घोषणा :-**

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा निम्न घोषणा की गयी :-

(i) माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को सदन नेता के रूप में मान्यता प्रदान की गयी ।

(ii) श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, स०वि०स० को नेता, विरोधी दल के रूप में मान्यता प्रदान की गयी ।

**[4] अध्यासी सदस्यों का मनोनयन :-**

माननीय अध्यक्ष महोदय ने सप्तदश बिहार विधान सभा के प्रथम सत्र के लिए निम्नांकित सभासदों को अध्यासी सदस्य मनोनीत किया :-

(i) श्री प्रेम कुमार

(ii) श्री हरि नारायण सिंह

(iii) श्री अवध विहारी चौधरी

(iv) श्रीमती लेशी सिंह

(v) श्री मो० आफाक आलम

**[5] कार्यमंत्रणा समिति का गठन :-**

माननीय अध्यक्ष महोदय ने सप्तदश बिहार विधान सभा के प्रथम सत्र के लिए निम्न प्रकार कार्यमंत्रणा समिति का गठन किया :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | अध्यक्ष, बिहार विधान सभा | - | सभापति |
| (ii) | श्री नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री | - | सदस्य |
| (iii) | श्री तारकिशोर प्रसाद, उप मुख्यमंत्री | - | सदस्य |
| (iv) | श्रीमती रेणू देवी, उप मुख्यमंत्री | - | सदस्य |
| (v) | श्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री, संसदीय कार्य विभाग | - | सदस्य |
| (vi) | श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री | - | सदस्य |
| (vii) | श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, नेता विरोधी दल | - | सदस्य |
| (viii) | श्री अजीत शर्मा, स०वि०स० | - | सदस्य |

**विशेष आमंत्रित सदस्य**

(i) श्री महबूब आलम, स०वि०स०

(ii) श्री राम प्रवेश राय, स०वि०स०

(iii) श्री अख्तरूल ईमान, स०वि०स०

(iv) श्री अनिल कुमार, स०वि०स०

(v) श्री राजू कुमार सिंह, स०वि०स०

नियमानुसार अध्यक्ष इस समिति के सभापति तथा सभा सचिव इसके सचिव होंगे ।

**[6] सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-**

माननीय उप मुख्यमंत्री सह प्रभारी मंत्री, वाणिज्यकर विभाग, श्री तारकिशोर प्रसाद ने राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित बिहार कराधान विवादों का समाधान अध्यादेश, 2020 की प्रति को सभा मेज पर रखा ।

माननीय प्रभारी मंत्री, शिक्षा विभाग, श्री अशोक चौधरी ने बिहार राज्य उच्चत्तर शिक्षा परिषद् (संशोधन) अध्यादेश, 2020 की प्रति को सभा मेज पर रखा ।

**[7] अनुमत विधेयकों के विवरण का सभा पटल पर रखा जाना :-**

सभा सचिव द्वारा षोडश बिहार विधान सभा के षोडश सत्र में उद्भूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथा पारित क्रमशः महामहिम राष्ट्रपति एवं महामहिम राज्यपाल द्वारा अनुमत विधेयकों का निम्न विवरण सभा पटल पर रखा गया :-

**महामहिम राष्ट्रपति द्वारा अनुमत विधेयक का विवरण :-**

| क्रमांक | विधेयक का नाम | अनुमति की तिथि |
|---|---|---|
| (i) | औद्योगिक विवाद (बिहार संशोधन) विधेयक, 2020 | 20.10.2020 |
| (ii) | कारखाना (बिहार संशोधन) विधेयक, 2020 | 20.10.2020 |
| (iii) | ठेका श्रम (विनियमन और उत्सादन) (बिहार संशोधन) विधेयक, 2020 | 20.10.2020 |

**महामहिम राज्यपाल द्वारा अनुमत विधेयक का विवरण :-**

| क्रमांक | विधेयक का नाम | अनुमति की तिथि |
|---|---|---|
| (i) | बिहार कराधान विधि (समय-सीमा प्रावधानों का शिथिलीकरण) अधिनियम, 2020 | 07.08.2020 |
| (ii) | बिहार माल और सेवाकर (संशोधन) अधिनियम, 2020 | 07.08.2020 |
| (iii) | बिहार कराधान विधि (संशोधन) अधिनियम, 2020 | 07.08.2020 |
| (iv) | बिहार माल और सेवा कर (द्वितीय संशोधन) अधिनियम, 2020 | 07.08.2020 |
| (v) | बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद (संशोधन एवं विधिमान्यकरण) अधिनियम, 2020 | 07.08.2020 |
| (vi) | बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार (संशोधन) अधिनियम, 2020 | 07.08.2020 |
| (vii) | बिहार कृषि भूमि (गैर कृषि प्रयोजन के लिए सम्परिवर्त्तन)(संशोधन) अधिनियम, 2020 | 07.08.2020 |
| (viii) | बिहार नगरपालिका (संशोधन) अधिनियम, 2020 | 07.08.2020 |
| (ix) | बिहार लोक कार्य संविदा विवाद माध्यस्थम् न्यायाधिकरण (संशोधन) अधिनियम, 2020 | 07.08.2020 |
| (x) | बिहार विनियोग (संख्या-3) विधेयक, 2020 | 07.08.2020 |

तत्पश्चात् माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा प्रस्ताव किया गया कि ''बिहार राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के सिनेट की सदस्यता के लिए बिहार विधान सभा के दस-दस सदस्यों (जिनमें एक अनुसूचित जाति, एक अनुसूचित जन-जाति एवं तीन अन्य पिछड़े वर्ग के हों), कृषि विश्वविद्यालयों के लिए सात-सात सदस्यों, बिहार राज्य होमियोपैथिक चिकित्सा बोर्ड के लिए दो सदस्यों, राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा परिषद् के लिए तीन सदस्यों, बिहार भूमि आयोग के लिए पांच सदस्यों, बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड एवं बिहार राज्य संस्कृत शिक्षा बोर्ड के लिए दो-दो सदस्यों तथा निःशक्त व्यक्ति (समान अवसर अधिकारों का संरक्षण एवं पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 के तहत राज्य स्तरीय समन्वयक समिति के लिए दो सदस्यों का जो निर्वाचन होना है, उनके नियमों को शिथिल करते हुए यह सदन अध्यक्ष, बिहार विधान सभा को उन सदस्यों को मनोनीत करने के लिए प्राधिकृत करे।''

तदुपरान्त् माननीय संसदीय कार्य मंत्री के प्रस्ताव पर सदन की सहमति हुई।

**[8] अध्यक्षीय घोषणा :-**

''माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन को सूचित किया गया कि कल दिनांक-27 नवम्बर, 2020 को सदन के लिए निर्धारित प्रश्नोत्तर एवं अन्य मदों से संबंधित कार्य नहीं लिए जाएंगे। कल महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर वाद-विवाद एवं सरकार के उत्तर का कार्यक्रम होगा। ''

[9] **शोक प्रकाश :-**

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निम्नांकित जननायकों के निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की चिरशांति एवं शोकाकुल परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | स्व० रवीन्द्र कुमार तांती | - | पूर्व स०वि०प० |
| (ii) | स्व० रामदेव राय | - | पूर्व स०वि०स०, पूर्व लोक सभा सदस्य एवं पूर्व मंत्री, बिहार सरकार |
| (iii) | स्व० प्रणव मुखर्जी | - | पूर्व राष्ट्रपति एवं पूर्व मंत्री, केन्द्र सरकार |
| (iv) | स्व० रघुवंश प्रसाद सिंह | - | पूर्व स०वि०स० एवं पूर्व लोक सभा सदस्य |
| (v) | स्व० आनन्दी प्रसाद यादव | - | पूर्व स०वि०स० |
| (vi) | स्व० रामजी ऋषिदेव | - | पूर्व स०वि०स० |
| (vii) | स्व० मो० इसराईल राईन | - | पूर्व स०वि०प० |
| (viii) | स्व० धर्मेन्द्र यादव | - | पूर्व स०वि०स० |
| (ix) | स्व० हुसैन अंसारी | - | पूर्व स०वि०स० |
| (x) | स्व० राम विलास पासवान | - | वर्तमान राज्यसभा सदस्य तथा पूर्व लोक सभा सदस्य तथा वर्तमान मंत्री केन्द्र सरकार |
| (xi) | स्व० विनोद कुमार सिंह | - | पूर्व स०वि०स०, पूर्व मंत्री, बिहार सरकार |
| (xii) | स्व० कपिल देव कामत | - | पूर्व स०वि०स०, पूर्व मंत्री, बिहार सरकार |
| (xiii) | स्व० सतीश प्रसाद सिंह | - | पूर्व मुख्यमंत्री तथा पूर्व स०वि०स० |
| (xiv) | स्व० विश्वनाथ प्रसाद गुप्ता | - | पूर्व स०वि०स० |
| (xv) | स्व० सत्यनारायण सिंह | - | पूर्व स०वि०स० |
| (xvi) | स्व० गणेश प्रसाद यादव | - | पूर्व स०वि०स० |

तदुपरांत सभी सदस्यों ने एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की चिरशांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की ।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि शोक संवेदना संबंधित शोकाकुल परिवारों के पास मेरे एवं सदन की ओर से भेज दिए जायें ।

तदुपरांत सभा की बैठक शुक्रवार, दिनांक-27 नवम्बर, 2020 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-26.11.2020

**राज कुमार सिंह**
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।